पंजाब केसरी 14/08/2025

# रैगिंग एक जघन्य अपराध

## रैगिंग विरोधी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित रैगिंग विरोधी पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

**अम्बाला ( बलराम ):** छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ ने बुधवार को रैगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में छात्रों में जागरुकता फैलाने और एक सुरक्षित एवं सम्मानजनक परिसर वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। अपने संदेश में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें रैगिंग मुक्त परिसर का राजदूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. मंजीत कौर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना और रैगिंग जैसी अमानवीय एवं अवैध गतिविधियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना है। विभिन्न विभागों के छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और रैगिंग के विरुद्ध कड़े संदेश देने वाले प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पोस्टरों में 'रैगिंग को ना कहें, सम्मान ही सच्ची परंपरा है' और 'रैगिंग एक अपराध है' जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ के सदस्य बृजेश कुमार, डा. एस.के. पांडे और डा. अमिता ने अपनी महती भूमिका निभाई। डा. रवनीत कौर और डा. सरोज बाला ने निर्णायक की भूमिका निभाई।